समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# नेशनल तैराकी प्रतियोगिता मे प्रंथम स्थान हासिल करने पर अंतरराष्ट्रीय तैराक श्याम लाल शर्मा का बेवर मे भंव्य स्वागत

हरिओम

Published on 05 Dec 2025



राधिका फ्लोर मिल किशनपुर गढ़िया, बेवर में रविवार को अंतरराष्ट्रीय तैराक **श्री श्याम लाल शर्मा** का भव्य स्वागत किया गया। हैदराबाद में आयोजित **नेशनल तैराकी प्रतियोगिता मे प्रंथम स्थान** प्राप्त करने के बाद उनके गृह क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर **भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा** के जिला उपाध्यक्ष **श्री राजीव राठौर 'मोदी'** ने श्याम लाल शर्मा का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी गणमान्य नागरिकों ने भी तैराक की उपलब्धि पर गर्व जताया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे:

- **देवेन्द्र सिंह चौहान**, ग्राम प्रधान किशनपुर गढ़िया
- **करु दादा**
- **दीपेन्द्र राठौर**, प्रधानाध्यापक
- **राघवेद्रं सिंह राठौर**, अध्यापक
- **डा. राघवेद्रं सिंह राठौर**
- **गब्बर सिंह**, सभासद
- **शिवम् राठौर**, अध्यापक

- **गांधी दूबे**, समाजसेवी
- **राघवेद्रं राठौर**, बी.टेक इंजीनियर
- **ब्रजेश पाल**
- **अंशू कुमार**

सभी ने मिलकर श्याम लाल शर्मा के स्वर्णिम प्रदर्शन और अथक मेहनत की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी इस उपलब्धि ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है और युवाओं को प्रेरणा दी है।

गांव और आसपास के क्षेत्रों में श्याम लाल शर्मा की उपलब्धि को लेकर खास उत्साह है। लोगों ने बताया कि तैराकी में उनकी मेहनत और दृढ़ता ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर यह बड़ा मुकाम दिलाया है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/हरिओम, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.